भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
17.07.2019 के
अतारांकित प्रश्न सं. 3996 का उत्तर

## तिरूवण्णामलै रेलवे स्टेशन का आधुनिकीकरण

3996. श्री सी॰ एन॰ अन्नादुरईः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) 2014 और 2020 के बीच आधुनिकीकरण हेतु किन स्टेशनों को चिह्नित किया गया है और व्यय की तुलना में कितना बजटीय प्रावधान किया गया है तथा उक्त हेतु स्टेशन-वार क्या समय-सीमा है;

(ख) भगवान अरूणाचतेश्वर और गिरीवलम (अरूणाचल पर्वत की परिक्रमा) और श्री रामना महर्षि आश्रम के दर्शन हेतु प्रतिदिन आने वाले लाखों तीर्थयात्रियों/शोधार्थियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के लिए तिरूवण्णामलै रेलवे स्टेशन के आधुनिकीकरण के लिए क्या रूपरेखा बनाई गई है;

(ग) उज्जैन, वाराणसी, पुरी, तिरूपति, हरिद्वार जैसे अन्य धार्मिक स्थलों से सीध संपर्क प्रदान करने के लिए कथापडी से तिरूवण्णामलै तक एकल रेलवे लाइन का दोहरीकरण कब तक किया जाएगा; और

(घ) तिन्डीवनम से तिरूवण्णामलै तक बड़ी लाइन को पूरा करने के कार्य की कितनी प्रगति हुई है और इसकी समय-सीमा क्या है?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) से (घ): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

******

Sk

**तिरूवण्णामलै रेलवे स्टेशन के आधुनिकीकरण के संबंध में 17.07.2019 को लोक सभा में श्री सी॰ एन॰ अन्नादुरई के अतारांकित प्रश्न सं. 3996 के भाग (क) से (घ) के उत्तर से संबंधित विवरण।**

**(क): भारतीय रेल पर रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण/अपग्रेडेशन निरंतर चलने वाली सतत प्रक्रिया है। इस समय, स्टेशनों का अपग्रेडेशन, आदर्श स्टेशन योजना के अंतर्गत किया जाता है। आदर्श स्टेशन योजना के अंतर्गत रेलवे स्टेशनों का चयन सुख-सुविधाओं के अपग्रेडेशन के लिए निर्धारित आवश्यकता के आधार पर किया जाता है। 2014 और 2020 के मध्य, आदर्श स्टेशन योजना के अंतर्गत विकास हेतु 201 स्टेशनों की पहचान की गई है; इनकी सूची परिशिष्ट-I के रूप में संलग्न है।**

**इसके अलावा, सभी स्टेशनों पर बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने के लिए भारतीय रेल द्वारा नीति संबंधी अन्य नवीन उपाय किए जाते हैं। सॉफ्ट अपग्रेडेशन के लिए 68 स्टेशनों की पहचान की गई है और वर्ष 2018-19 में सभी 68 स्टेशनों को अपग्रेड कर दिया गया है; इनकी सूची परिशिष्ट-II के रूप में संलग्न है।**

**भारतीय रेल की बजटीय इकाइयां क्षेत्रीय रेलें हैं और रेलवे जोन-वार बजट आबंटन किया जाता है। स्टेशन-वार शेयर/आबंटन का ब्यौरा नहीं रखा जाता। बहरहाल, चूंकि स्टेशनों के आधुनिकीकरण और स्टेशनों पर यात्रियों के लिए सुख-सुविधाओं की व्यवस्था से संबंधित निर्माण कार्य, सामान्यतः योजना शीर्ष यात्री सुख-सुविधाएं के अंतर्गत शुरु किए जाते हैं इसलिए भारतीय रेल पर 2014-15 से इस योजना शीर्ष के अंतर्गत, बजटीय स्रोतों से बजट परिव्यय और व्यय का ब्यौरा नीचे दिया गया है:-**

**(करोड़ रु. में)**

| वर्ष | बजट अनुमान | वास्तविक व्यय |
|---|---|---|
| 2016-17 | 838.28 | 981.24 |
| 2017-18 | 1100.90 | 1286.80 |
| 2018-19 | 1657.86 | 1585.89 |
| 2019-20 | 3422.57 | 545.92 (जून, 2019 तक) |

**(ख) तिरुवन्नामलई रेलवे स्टेशन गैर-उपनगरीय ग्रेड (एनएसजी)-5 कोटि का स्टेशन है। इस स्टेशन पर मानदंडों के अनुसार, सभी न्यूनतम अनिवार्य सुख-सुविधाएं मुहैया करा दी गई हैं। बहरहाल, स्टेशन का अपग्रेडेशन निरंतर चलने वाली सतत प्रक्रिया है और इस संबंध में**

आवश्यकता, यात्री यातायात की मात्रा और पारस्परिक प्राथमिकता के आधार पर निर्माण कार्य निष्पादित किए जाते हैं जो धनराशि की उपलब्धता पर निर्भर करता है।

(ग) कटपाडी-तिरुवन्नामलई इकहरी बड़ी लाइन के दोहरीकरण के लिए कोई परियोजना स्वीकृत नहीं है।

(घ) तिंडिवनम-तिरुवन्नामलई नई लाइन परियोजना पर 662 एकड़ भूमि के लिए भूमि अधिग्रहण दस्तावेज तमिलनाडु सरकार को प्रस्तुत कर दिए गए हैं। इस संबंध में 14.42 करोड़ रुपए का अग्रिम भुगतान भी राज्य सरकार के पास जमा करा दिया गया है। राज्य सरकार द्वारा 65 एकड़ भूमि सौंप दी गई है और शेष भूमि का अधिग्रहण शुरु कर दिया गया है।

किसी भी परियोजना का समय से पूरा होना बाधक जनोपयोगी सेवाओं (भूमिगत और भूमि के ऊपर दोनों पर) की शिफ्टिंग, विभिन्न प्राधिकरणों से सांविधिक स्वीकृतियां, क्षेत्र की भौगोलिक और स्थलाकृतिक स्थिति, परियोजना साइट के क्षेत्र में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति, जलवायु स्थिति को ध्यान में रखते हुए परियोजना विशेष की साइट के लिए वर्ष में कार्य के महीनों की संख्या, भूकंप, बाढ, अत्यधिक वर्षा, चक्रवात, श्रमिकों की हड़ताल जैसी अप्रत्याशित परिस्थितियों का सामना करना, माननीय न्यायालय के आदेश, कार्यरत एजेंसियों/ठेकेदारों की स्थिति और शर्तें आदि जैसे विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है। ये सभी कारक परियोजना को पूरा करने के समय और लागत को प्रभावित करते हैं, जिसकी अंततः कार्य समापन स्थिति पर गणना की जाती है।

चूंकि समूची भूमि अधिग्रहण करके रेलवे को नहीं सौंपी गई है, अतः, इस परियोजना के लिए, फिलहाल कोई निश्चित समय-सीमा निर्धारित नहीं की जा सकती।

******

Sk

**तिरूवण्णामलै रेलवे स्टेशन के आधुनिकीकरण के संबंध में 17.07.2019 को लोक सभा में श्री सी. एन. अन्नादुरई के अतारांकित प्रश्न सं. 3996 के भाग (क) के उत्तर से संबंधित परिशिष्ट-I**

**2014-20 के दौरानों ''आदर्श स्टेशनों'' के रूप में शामिल किए जाने के लिए प्रस्तावित 201 स्टेशनों की जोन-वार सूची।**

| | |
|---|---|
| मध्य रेलवे (10) | राहुरी, सतारा, खपरी, माजरी, नीरा, बारामती, दौंड, ओधा, अमरावती और मनमाड |
| पूर्व रेलवे (2) | गिरिडीह और धरहरा |
| पूर्व मध्य रेलवे (13) | गोमिया, कटरासगढ़, बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज, बोकारो थर्मल, जमुई, बक्सर, बरवाडीह, लातेहार, टोरी, मखदुमपुर और चकिया |
| पूर्व तट रेलवे (19) | गंजम, खल्लीकोट, बारपाली, संबलपुर, चतरपुर, ब्रह्मपुर, धनमंडल, राज अथगढ, पेंडुरती, सिम्हाचलम, इच्छापुरम, चीपुरुपल्ले, सालेगांव, जगदलपुर, लोईसिंगा, देवगांव रोड, सोमपेटा, अरकु और दामनजोडी |
| उत्तर रेलवे (33) | टांडा उर्मर, बटाला, मोहाली, पठानकोट, जालंधर कैंट, बठिंडा कैंट, खेकड़ा, बागपत रोड, बड़ौत, गोसाईंगंज, कोइरीपुर, लम्भुआ, चनेठी, आंवला, ढंडारी कलां, शाहाबाद मोहम्मदपुर, बिजवासन, ऊना हिमाचल, श्री माता वैष्णो देवी कटरा, हर्रावाला, रुड़की, भदोही, उन्नाव, फरीदाबाद, फैजाबाद, स्योहारा, नजीबाबाद, नगीना, मोदीनगर, रायवाला, भदोही, फाफा मऊ और जाट |
| उत्तर मध्य रेलवे (9) | फफूंद, डभौरा, विंध्याचल, हाथरस, रसूलपुर गोगुमऊ, बम्हरौली, इटावा, टिटमगढ़ और गोवर्धन |
| पूर्वोत्तर रेलवे (19) | महमूदाबाद, फतेहगढ़, गोरखपुर, उसका बाजार, कर्नलगंज, लखीमपुर, बरहज बाजार, वाराणसी सिटी, मंडुआडीह, बेल्थारा रोड, भटनी जंक्शन, मनीराम, पिपराइच, सुरिमानपुर, करीमुद्दीनपुर, चित बारगाँव, गौर, राम चौरा हाल्ट और गोमती नगर। |
| पूर्वोत्तर सीमा रेलवे (8) | राधिकापुर, टाटीबहार, नक्सलबारी, फरकटिंग, जागी रोड, बोंगाईगांव, पीचरथल और नारंगी। |
| उत्तर पश्चिम रेलवे (10) | श्री विजयनगर, दुर्गापुरा, महेंद्र गढ़, श्री करनपुर, गोगामेड़ी, रेवाड़ी, मावली जंक्शन, ब्यावर, मारवाड़ और नीम का थाना। |
| दक्षिण रेलवे (21) | तिरुमंगलम, थिरुप्पारकुंडुराम, ओट्टापलम, वल्लथोल नगर, मूलगुनाथुक्कवु, कुंडारा, कांचीपुरम, कडयानल्लूर, मैंगलोर जंक्शन, बेकल फोर्ट, त्रिकारपुर, कुंबला, कन्नूर साउथ, चिरैयांकिल, एर्नाकुलम टाउन, इरुगुर, कनियापुरम, अंगदीपुरम, काटपाडी, वेल्लोर छावनी और तिरुवनंतपुरम सेंट्रल |

Sk

| | |
|---|---|
| दक्षिण मध्य रेलवे (17) | नलापडु, न्यू गुंटूर, नागालपल्ली, मौला अली, रायचूर, डोनाकोंडा, औरंगाबाद, मंत्रालयम रोड, बसर, मार्कापुर रोड, राजमुंदरी, ओंगोल, रेपल्ले, किसमुद्रम, गडवाल, वाशिम और धर्माबाद |
| दक्षिण पूर्व रेलवे (2) | गोला रोड और बस्ता |
| दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे (8) | हाऊबाग, दुर्ग, भंडारा रोड, गोंदिया, किरोड़ीमल नगर, बालाघाट, तिल्दा और उसलापुर |
| दक्षिण पश्चिम रेलवे (18) | हरिहर, दावणगेरे, गुड़गेरी, मल्लापुर, दारोजी, कुप्पम, सांवइडे कुडचर्डे, बीजापुर, सुब्रमण्या रोड, बंटावाला, नेरालकट्टे, उगर खुर्द, कुडची, बेलगाम, होल नरसीपुर, |
| पश्चिम रेलवे (7) | धरनागाँव, गांधीनगर कैपिटल, गांधीधाम, साबरमती बीजी, मदसौर, पाटन और किम |
| पश्चिम मध्य रेलवे (5) | डाकनिया तलाव, भेड़ाघाट, बांदकपुर, रीवा, सिहोरा रोड |
| कुल | 201 (दो सौ एक) |

******

Sk

**तिरूवण्णामलै रेलवे स्टेशन के आधुनिकीकरण के संबंध में 17.07.2019 को लोक सभा में श्री सी॰ एन॰ अन्नादुरई के अतारांकित प्रश्न सं. 3996 के भाग (क) के उत्तर से संबंधित परिशिष्ट-II**

**(क): लोनावाला, बुरहानपुर, शोलापुर, इगतपुरी, वर्धा, पुणे, कटक, संभलपुर, विशाखापट्टनम, पटना, बरकाकाना, मुगलसराय, बापूधाम मोतिहारी, हाजीपुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर, आसनसोल, हावड़ा, सियालदह, इलाहाबाद, झांसी, मथुरा, वाराणसी सिटी, इज्जतनगर, गोरखपुर, दार्जीलिंग, गुवाहाटी, न्यू तिनसुकिया, अलीपुरद्वार, रंगिया, अंबाला, दिल्ली मेन, शिमला, देहरादून, हरिद्वार, जयपुर, उदयपुर, बीकानेर, जोधपुर, विजयवाड़ा, गुंटूर, गुंटकल, कुरनूल सिटी, वारंगल, बिलासपुर, रायपुर, राजनंदगांव, झारसुगुड़ा, रांची, आद्रा, मदुरै, कोट्टायम, चेन्नै एग्मोर, पालघाट, तिरुचिरापल्ली, सलेम, यशवंतपुर, मैसूर, धारवाड़, जबलपुर, भोपाल, इटारसी, अहमदाबाद, राजकोट, वडोदरा, रतलाम, भावनगर सिटी और वलसाड।**

******

Sk